वर्ष 2036 ओलंपिक के लिए भारत की खिलाड़ी प्रतिभा का मजबूत पूल तैयार करने के लिए तेज और व्यापक प्रतिभा पहचान की कार्ययोजना, आधारभूत ढांचे को शामिल किया जाना चाहिए।

- डॉ. मनसुख मांडविया

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, वर्ष 2036 ओलंपिक को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — नीरज चोपड़ा

भारत के भाला फेंक के दिग्गज खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और श्रीलंका के उभरते सितारे रमेश पथिरागे शुक्रवार को लुसाने डायमंड लीग में फिर से आमने सामने होंगे, जिसमें भारतीय खिलाड़ी डायमंड लीग फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगा। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में पथिरागे ने स्वर्ण और चोपड़ा ने रजत पदक जीता था। इसके तीन सप्ताह बाद ये दोनों खिलाड़ी फिर से एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद चोपड़ा स्विट्जरलैंड के बील चले गए थे, जहां वह अपने बचपन के कोच जयवीर चौधरी और फिजियो ईशान मारवाह के साथ अभ्यास कर रहे थे।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 1975 में एकमात्र हॉकी विश्व कप जीता है तथा ओलंपिक इतिहास में सबसे अधिक मैच जीतने और गोल करने का रिकॉर्ड बनाया है।

फीफा महिला विश्व कप 2027 का कार्यक्रम जारी, माराकाना में अभियान शुरू करेगा ब्राजील

नई दिल्ली, 20 अगस्त। फीफा ने गुरुवार को महिला विश्व कप 2027 के मुकाबलों का कार्यक्रम जारी कर दिया। ब्राजील में होने वाले इस टूर्नामेंट के सभी 64 मुकाबले आठ मेजबान शहरों में खेले जाएंगे। कार्यक्रम की घोषणा स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख स्थित फीफा मुख्यालय में महिला विश्व कप 2027 प्लेऑफ टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण के लाइव ड्रॉ के दौरान की गई।

मेजबान ब्राजील अपने अभियान की शुरुआत 24 जून को रियो डी जेनेरियो के प्रतिष्ठित माराकाना स्टेडियम से करेगा। इसके बाद ब्राजील 29 जून को साओ पाउलो के अरेना इताकेरा में अपना दूसरा ग्रुप मैच खेलेगा, जबकि ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला चार जुलाई को ब्रासीलिया के एस्टाडियो नैशनल में होगा।

आठों मेजबान शहरों में कम से कम सात मुकाबले खेले जाएंगे और प्रत्येक शहर में कम

से कम एक नॉकआउट मुकाबला होगा।

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, हम अगले वर्ष ब्राजील में महिला फुटबॉल इतिहास के एक नए अध्याय को देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जहां दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, कोच, प्रशंसक और स्थानीय समुदाय इस मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

उन्होंने कहा, मैं अभी से यह सोचकर रोमांचित हूं कि जब ब्राजील के प्रशंसक दुनिया का स्वागत करेंगे तो वे टूर्नामेंट में कितना जुनून, रंग और ऊर्जा लेकर आएंगे।

आठ शहरों में होंगे मुकाबले : ब्रासीलिया, पोर्टो एलेग्रे, रेसिफे और साल्वाडोर में अंतिम-16 तक के मुकाबले खेले जाएंगे। वहीं बेलो होरिजोंटे और फोर्टालेजा के साथ रियो डी जेनेरियो और साओ पाउलो को क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की मेजबानी मिलेगी। साओ पाउलो में एक सेमीफाइनल और कांस्य पदक मुकाबला खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल और फाइनल रियो डी जेनेरियो के प्रतिष्ठित माराकाना स्टेडियम में होगा।

इतिहास रचेगा माराकाना : माराकाना दुनिया का ऐसा तीसरा स्टेडियम बन जाएगा, जिसने पुरुष और महिला दोनों फीफा विश्व कप के फाइनल की मेजबानी की है। इससे पहले स्वीडन के सोलना स्थित रासुंडा स्टेडियम ने 1958 पुरुष और 1995 महिला विश्व कप फाइनल की मेजबानी की थी। अमेरिका के पासाडेना स्थित रोज बाउल में 1994 पुरुष और 1999 महिला विश्व कप फाइनल खेले गए थे।

टूर्नामेंट के दौरान पूरे ब्राजील में फीफा फैन फेस्टिवल भी आयोजित किए जाएंगे, जहां प्रशंसकों को विश्व कप के उत्सव का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा।

2027 महिला विश्व कप में आठ मेजबान शहरों में कुल 64 मुकाबले खेले जाएंगे। कार्यक्रम को इस तरह तैयार किया गया है कि ग्रुप चरण से लेकर नॉकआउट मुकाबलों तक रोमांच लगातार बढ़ता जाए और अंततः माराकाना में होने वाले फाइनल के साथ टूर्नामेंट का समापन हो।

सिनक्विफील्ड कपः आर्मगेडन में हार के बाद प्रज्ञानानंद दूसरे स्थान पर रहे

सेंट लुइस, 20 अगस्त । भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने बुधवार को सिनक्विफील्ड कप में उपविजेता के रूप में अपना अभियान समाप्त किया। खिताब के लिए हुए आर्मगेडन मुकाबले में उन्हें अमेरिका के वेस्ली सो के हाथों हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंद ने अंतिम क्लासिकल मुकाबले में नीदरलैंड्स के अनीश गिरी के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली। इसके बाद उन्हें शीर्ष पर चल रहे वेस्ली सो के खिलाफ टाईब्रेकर खेलना पड़ा। सो ने काले मोहरों से ड्रॉ हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। नियमों के मुताबिक, बराबरी की स्थिति में पहले दो रैपिड बाजियां खेली जाती हैं। अगर इसके बाद भी फैसला नहीं होता है तो आर्मगेडन मुकाबला कराया जाता है, जिसमें सफेद मोहरों वाले खिलाड़ी को पांच मिनट और काले मोहरों वाले खिलाड़ी को चार मिनट दिए जाते हैं। प्रज्ञानानंद और सो के बीच दोनों रैपिड बाजियां ड्रॉ रहीं, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। इसके बाद हुए आर्मगेडन मुकाबले में सो ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और खिताब पर कब्जा जमाया।

भारतीय महिला टीम हॉकी वर्ल्डकप के टॉप-8 में पहुंची : इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ खेला

नई दिल्ली, 20 अगस्त । भारतीय महिला हॉकी टीम ने विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप के टॉप-8 यानी दूसरे राउंड में जगह बना ली है। एम्सटेलवीन में खेले गए पूल- के आखिरी मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 0-0 से ड्रॉ पर रोक दिया। भारत को अगले राउंड में पहुंचने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। वहीं इंग्लैंड के लिए जीत जरूरी थी। मैच के आखिरी क्षणों में इंग्लैंड ने अपनी गोलकीपर मिरियम प्रिचर्ड को बाहर बुलाकर एक अतिरिक्त आउटफील्ड खिलाड़ी उतार दिया। इसके बाद इंग्लैंड ने 11 आउटफील्ड खिलाड़ियों के साथ भारतीय सर्कल पर लगातार हमले किए, लेकिन भारतीय डिफेंस नहीं टूटा। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। पहले क्वार्टर में टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले। चौथे मिनट में नवनीत कौर के शॉट से गेंद गोल में पहुंची, लेकिन रास्ते में इशिका के शरीर से टकराने के कारण गोल को मान्यता नहीं मिली।

भारत को पहले क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम एक को भी गोल में नहीं बदल सकी। इशिका के पास फील्ड गोल का मौका भी आया, लेकिन इंग्लैंड की गोलकीपर प्रिचर्ड ने शानदार बचाव किया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने हमले जारी रखे। 26वें मिनट में दीपिका के ड्रैगफ्लिक को इंग्लैंड की गोलकीपर ने पैर से रोक दिया। इसके बाद रिबाउंड पर सलिमा ने मौका बनाया और भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। दूसरे क्वार्टर से इंग्लैंड ने दबाव बढ़ाना शुरू किया। टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता पुनिया और डिफेंस ने हर बार खतरा टाल दिया। 38वें मिनट में सविता ने बिंघम के रिवर्स हिट को शानदार तरीके से बचाया। 43वें मिनट में साक्षी ने गोललाइन पर शानदार बचाव कर भारत को गोल खाने से बचाया। हाफ टाइम तक इंग्लैंड को 9 पेनल्टी कॉर्नर मिल चुके थे, लेकिन वह एक को भी गोल में नहीं बदल सका।

बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास की जन्मतिथि पर विवाद, जांच के आदेश

नई दिल्ली, 20 अगस्त । बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास की जन्मतिथि को लेकर विवाद सामने आया है। जम्मू की स्पेशल

रेलवे मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उनकी जन्मतिथि में कथित हेरफेर के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने नवाबाद पुलिस को मामले की जांच कर 3 सितंबर 2026 या उससे पहले रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

मिथुन मन्हास जम्मू-कश्मीर से बीसीसीआई अध्यक्ष बनने वाले पहले व्यक्ति हैं। उन्हें सितंबर 2025 में इस पद के लिए चुना गया था। पूर्व भारतीय फर्स्ट-क्लास क्रिकेटर मन्हास ने अपने क्रिकेट करियर में जम्मू-कश्मीर और दिल्ली को रिप्रेजेंट किया है। मामला पूर्व डिप्टी एसपी और जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त मानद सचिव सुदर्शन मेहता की शिकायत के बाद सामने आया। मेहता का आरोप है कि मन्हास ने जूनियर क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने की पात्रता का फायदा लेने के लिए अलग-अलग जगहों पर अलग जन्मतिथि दर्ज कराई।

मेहता ने इसी आधार पर धोखाधड़ी, चीटिंग और जालसाजी से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने अभी एफआईआर का आदेश नहीं दिया है।

दो रिकॉर्ड में अलग जन्मतिथि

शिकायत में बताया गया है कि मन्हास की जन्मतिथि अलग-अलग रिकॉर्ड में अलग है। महाराजा हरि सिंह एग्रीकल्चर कॉलेजिएट स्कूल, नागबनी के रिकॉर्ड के मुताबिक उनकी जन्मतिथि 9 दिसंबर 1977 है। वहीं, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ वेबसाइट पर यह तारीख 12 अक्टूबर 1979 दर्ज होने का दावा किया गया है। यानी दोनों रिकॉर्ड में करीब दो साल का अंतर है। शिकायतकर्ता ने इसी अंतर को जन्मतिथि में कथित गड़बड़ी का आधार बनाया है। मेहता की शिकायत में भारतीय दंड संहिता की धारा 415, 420 और 462 का भी जिक्र है।

महिला एशिया कप में मोहसिन नकवी और बीसीसीआई आमने-सामने, ट्रॉफी पर फंसा पेंच

नई दिल्ली, 20 अगस्त। दुबई में अगले सप्ताह से शुरू होने वाले महिला एशिया कप में अगर भारत फाइनल तक पहुंचता है तो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पुरस्कार वितरण समारोह को लेकर अजीब स्थिति में फंस सकता है क्योंकि पाकिस्तान के मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख होने के नाते फिर से मंच पर आकर यह सम्मान प्रदान कर सकते हैं। पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य टकराव के कारण भारतीय पुरुष टीम ने नक़वी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। नक़वी ट्रॉफी लेकर चले गए, जो अभी तक विजेता टीम को नहीं सौंपी गई है।

नक़वी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख और अपने देश के गृह मंत्री भी हैं। महिला एशिया कप 28 अगस्त से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है और लीग चरण का

उनका मुकाबला पांच सितंबर को होना है।

इसके बाद इन दोनों टीम का मुकाबला फाइनल में हो सकता है और ऐसे में पुरस्कार वितरण का मसला फिर से सुर्खियों में आ सकता है। अब स्वाभाविक सवाल यह उठता है कि अगर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम महिला एशिया कप जीत जाती है और नक़वी पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मंच पर मौजूद होते हैं तो फिर आगे क्या होगा? क्या भारतीय महिला टीम भी सूर्यकुमार यादव और उनके साथियों की तरह नक़वी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर देगी?

इस मामले में बीसीसीआई का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। बोर्ड का यह स्पष्ट मत है कि दोनों टीमों के बीच किसी प्रकार की औपचारिक बातचीत नहीं होगी, लेकिन वह पुरस्कार वितरण समारोह के लिए इंतजार करने की नीति अपनाएगा। पिछले साल की तरह विवाद से बचने का एक तरीका यह हो सकता है कि नकवी स्वयं ट्रॉफी प्रदान नहीं करें और एशियाई क्रिकेट परिषद के किसी अन्य अधिकारी को यह सम्मान प्रदान करने दें।

भारतीय पुरुष टीम के नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार करने के बाद इसे एसीसी के कार्यालय में रखा गया है। नकवी ने बाद में कहा था कि भारत एसीसी कार्यालय में आकर उनसे ट्रॉफी ले सकता है। इस गतिरोध को समाप्त करने का भी प्रयास किया गयाजिसमें बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आईसीसी की बैठक के दौरान नकवी से मुलाकात की। सैकिया ने कहा था कि दोनों पक्षों के बीच गतिरोध समाप्त हो गया है लेकिन उस समय भी ट्रॉफी का मुद्दा नहीं सुलझ पाया था।

विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में वांग झी यी से हारी पीवी सिंधु

नई दिल्ली, 20 अगस्त । भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 में सफर गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन की तीसरी वरीय वांग झी यी के हाथों हार के साथ समाप्त हो गया। सिंधु को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-11, 15-21, 21-17 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह विश्व चैंपियनशिप में किसी चीनी खिलाड़ी के खिलाफ सिंधु की पहली हार है। इससे पहले उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में चीनी खिलाड़ियों के खिलाफ लगातार आठ मुकाबले जीते थे। वांग ने पहले गेम में शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। 7-7 की बराबरी के बाद चीनी खिलाड़ी ने लगातार बढ़त बनानी शुरू की और सिंधु को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वांग ने पहला गेम 21-11 से जीतकर मुकाबले में बढ़त हासिल कर ली।

बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से बाहर हुए आयुष शेट्टी, अल्वी फरहान ने हराया

नई दिल्ली, 20 अगस्त। भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी का बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में अभियान इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के खिलाफ हार के साथ समाप्त

हो गया। आयुष को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फरहान ने 21-19, 21-11 से हराया। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मध्यांतर तक फरहान ने 11-9 की मामूली बढ़त बना रखी थी। इसके बाद इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 18-14 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, आयुष ने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच अंक जुटाए और 19-18 से आगे हो गए।

फरहान के दो असफल अपील के बावजूद आयुष ने अपना संयम बनाए रखा, लेकिन निर्णायक क्षणों में फरहान ने फिर बढ़त हासिल कर ली और 21-19 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में फरहान ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और 3-1 की बढ़त ले ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच कई रोमांचक रैलियां हुईं, लेकिन फरहान ने बेहतर नियंत्रण दिखाते हुए मध्यांतर तक 11-6 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने आयुष को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 21-11 से गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ फरहान ने आयुष के खिलाफ वरिष्ठ स्तर के आमने-सामने मुकाबलों में अपनी बढ़त 3-2 कर ली। इससे पहले आयुष ने श्रीलंका के अबेविक्रमा को 21-8, 21-10 से हराकर आसान जीत दर्ज की थी। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व नंबर एक और गत चैंपियन चीन के शी यू क्वी को हराकर बड़ा उलटफेर भी किया था।

लॉर्ड्स में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को हराया, गांगुली स्टाइल में जश्न

लॉर्ड्स, 20 अगस्त । भारतीय मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने यहां खेले गए सातवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 118 रन से करारी शिकस्त देने के बाद लॉर्ड्स की बालकनी में सौरव गांगुली के शर्ट लहराने वाले बहुचर्चित जश्न को दोहराया। अर्जुन गावरे की 44 गेंदों पर 68 रन और कप्तान माजिद मगरे की महज 19 गेंदों पर नाबाद 63 रन की तूफानी पारी की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 206 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम केवल 88 रन पर आउट हो गई।

भारत की तरफ से हिलाल अहमद वानी ने 21 रन देकर चार और जयेश परमार ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। इंग्लैंड ने इस तरह से सात मैचों की श्रृंखला 4-3 से अपने नाम की। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने लॉर्ड्स की बालकनी में खिलाड़ियों और अधिकारियों द्वारा अपने ब्लेज़र उतारने का एक वीडियो पोस्ट किया, जो 2002 में नेटवेस्ट ट्रॉफी के फाइनल में इसी मैदान पर भारत की इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद गांगुली का शर्ट उतार कर जश्न मनाने की नकल थी।

पाकिस्तान अक्टूबर से श्रीलंका और इंग्लैंड के साथ खेलेगा त्रिकोणीय श्रृंखला

नई दिल्ली, 20 अगस्त । पाकिस्तान में अक्टूबर से क्रिकेट का एक्शन तेज होने वाला है। पाकिस्तान, श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच तीन देशों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसे अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी के लिहाज से अहम माना जा रहा है। तीनों टीमें पहले ही विश्व चैंपियन रह चुकी हैं और ऐसे में इस श्रृंखला में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

मौजूद जानकारी के मुताबिक, श्रृंखला की शुरुआत 18 अक्टूबर को रावलपिंडी में पाकिस्तान और श्रीलंका के मुकाबले से होगी। इसके बाद 20 अक्टूबर को पाकिस्तान और इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। 22 अक्टूबर को श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच मुकाबला होगा। शुरुआती तीनों मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद मुकाबले लाहौर पहुंचेंगे। 25 अक्टूबर को पाकिस्तान और इंग्लैंड, 27 अक्टूबर को पाकिस्तान और श्रीलंका तथा 29 अक्टूबर को श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच मुकाबला होगा। श्रृंखला का फाइनल 31 अक्टूबर को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। एकदिवसीय श्रृंखला से पहले पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 श्रृंखला भी खेली जाएगी।

पीसीबी की अपील के बाद आईसीसी ने गद्दाफी स्टेडियम का डिमेरिट अंक हटाया

नई दिल्ली, 20 अगस्त । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को जून में खेले गए मुकाबलों की पिच रेटिंग को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और क्रिकेट कनाडा की अपील पर तीन मामलों में अपना फैसला सुनाया। अपील के बाद लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम पर लगाया गया एक डिमेरिट अंक हटा दिया गया है।

आईसीसी के अनुसार, अपील पैनल ने मैचों के वीडियो फुटेज, मैच रेफरी की रिपोर्ट और कप्तानों की टिप्पणियों की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम को 04 जून को पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए तीसरे एकदिवसीय मुकाबले की पिच के लिए 'असंतोषजनक' रेटिंग दी गई थी। इसके साथ ही स्टेडियम के खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया था।

आईसीसी अपील पैनल ने माना कि मैच रेफरी ने आईसीसी की पिच और आउटफील्ड निगरानी प्रक्रिया के दिशा-निर्देशों का पालन किया था। हालांकि, पैनल के अनुसार पिच पर अत्यधिक असमान उछाल या जरूरत से ज्यादा टर्न देखने को नहीं मिला। इसलिए गद्दाफी स्टेडियम पर लगाया गया डिमेरिट

अंक रद्द कर दिया गया।

मैपल लीफ क्रिकेट ग्राउंड का एक डिमेरिट अंक हटा: टोरंटो के किंग सिटी स्थित मैपल लीफ क्रिकेट ग्राउंड से जुड़े दो मामलों पर भी अपील पैनल ने फैसला सुनाया। 8 जून को अमेरिका और नीदरलैंड के बीच आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग-2 मुकाबले के लिए मैदान की पिच को 'असंतोषजनक' रेटिंग मिली थी। वहीं, इसी श्रृंखला में 16 जून को कनाडा और नीदरलैंड के बीच खेले गए मुकाबले की पिच को 'अनफिट' यानी खेलने के लिए अनुपयुक्त करार दिया गया था। अपील पैनल ने 08 जून की पिच के संबंध में डिमेरिट अंक वापस ले लिया। पैनल ने माना कि उस दिन इस्तेमाल की गई पिच की स्थिति संतोषजनक पिच के अनुरूप थी और उसमें अत्यधिक असमान उछाल, सीम मूवमेंट या टर्न नहीं था।

विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी

नई दिल्ली, 20 अगस्त । भारत की महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को बीएफडब्ल्यू विश्व चैंपियनशिप 2026 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दुनिया की 39वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए राउंड ऑफ-16 मुकाबले में जापान की सातवीं वरीय रिन इवानागा और की नाकानिशी की जोड़ी को सीधे गेमों में 21-16, 21-12 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

ट्रीसा और गायत्री ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया और पहले गेम में अपनी लय बनाए रखी। जापानी जोड़ी ने मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाने की कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दबाव बनाए रखा और पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने शुरुआत से ही बढ़त बनाकर जापानी खिलाड़ियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। ट्रीसा और गायत्री ने अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए दूसरा गेम 21-12 से जीत लिया और मुकाबला सीधे गेमों में अपने नाम कर अंतिम आठ में प्रवेश किया। इससे पहले राउंड ऑफ-32 में भी ट्रीसा और गायत्री ने शानदार प्रदर्शन किया था। भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को अमेरिका की 16वीं वरीय लॉरेन लैम और एलिसन ली को 21-15, 21-12 से हराकर राउंड ऑफ-16 में प्रवेश किया था। अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ भी भारतीय खिलाड़ियों ने दोनों गेमों में मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा और अपनी प्रतिद्वंद्वियों को लगातार दबाव बनाने का मौका नहीं दिया। पहले गेम में 21-15 की जीत के बाद ट्रीसा और गायत्री ने दूसरे गेम में अपने आक्रमण को और धार देते हुए 21-12 से जीत दर्ज की थी।

मेस्सी के गोल और असिस्ट से इंटर मियामी ने मुकाबला 2-2 से ड्रॉ खेला

नई दिल्ली, 20 अगस्त । लियोनेल मेस्सी ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार रात को खेले गए मैच में 21वें मिनट में मेस्सी के क्रॉस पर लुई सुआरेज़ ने हेडर लगाकर गेंद को फॉरवर्ड डैनियल पिंटर की ओर बढ़ाया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। इसके बाद मेस्सी ने 26वें मिनट में 12 गज की दूरी से गोल दागा। यह अपने पिता के निधन के बाद उनका पहला गोल था। मेस्सी ने इस सत्र में एमएलएस के 17 मैचों में 13 गोल और नौ असिस्ट (गोल करने में मदद) किए हैं। पहले हाफ में इंडियाना वासिलेव ने गोल करके यूनियन को बढ़त दिलाई। इसके बाद 18 वर्षीय नील पियरे ने 58वें मिनट में हेडर से गोल दागकर स्कोर बराबर किया।

लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी 3 रन से जीती

जयपुर, 20 अगस्त । यति क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित प्रथम अंडर -14 श्याम कप में खेले गये मैच मे जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी और लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 233/8 40.0 ओवर मे रन बनाये। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी की ओर से प्रियंक जेफ ने 123 रन, विहान शर्मा ने 25 रन और हनुमंत सिंह ने 17 रन बनाये। जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी और से गेदबाजी करते हुए हर्षित सैनी ने 23 रन देकर 3 विकेट, और यश मीना ने 19 रन देकर के 2 विकेट लिया। जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी ने बल्लेबाजी करते हुए 230/8 40.0 ओवर मे रन बनाये। जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी कि ओर से यश मीना ने 59रन, वैभव खतना ने 96 रन बनाये। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने गेदबाजी करते हुए आदित्य यादव ने 53 रन देकर के 2 विकेट, गर्वित कौशिक ने 26 रन देकर के 2 विकेट लिया। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी 3 रन से विजेता हुई।

हेप्टाथलॉन गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय डोप टेस्ट में पॉजिटिव, स्वप्ना बर्मन को नाडा ने सस्पेंड किया

नई दिल्ली, 20 अगस्त । भारत की एथलीट और 2018 एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट स्वप्ना बर्मन डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाई गई हैं। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। 29 साल की स्वप्ना के सैंपल में बोल्डेनोन नाम का प्रतिबंधित पदार्थ मिला है। स्वप्ना ने इसी महीने एथलेटिक्स से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने चोटों शरीर को फिट नहीं बताते हुए अपना करियर खत्म करने का फैसला लिया था।

2018 में रचा था इतिहास: स्वप्ना बर्मन ने 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में हेप्टाथलॉन में गोल्ड मेडल जीता था। वह एशियन गेम्स में हेप्टाथलॉन का गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनी थीं। हेप्टाथलॉन एथलेटिक्स का मिक्स्ड इवेंट है। इसमें खिलाड़ी दो दिनों में 7 इवेंट्स में हिस्सा लेते हैं। इनमें 100 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक, 200 मीटर, लंबी कूद, भाला फेंक और 800 मीटर शामिल हैं। स्वप्ना ने एशियन चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता था।

राजस्थान राज्य जूनियर बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न

जयपुर, 20 अगस्त। राजस्थान एथलेटिक संघ के तत्वावधान में पटेल स्टेडियम, अजमेर स्थित सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक पर आयोजित की जा रही राजस्थान राज्य जूनियर बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 एथलीट्स को पदक वितरण के साथ सम्पन्न हई। आयोजन सचिव गिरिराज सांखला के अनुसार इस प्रतियोगिता में राज्य भर से 34 टीमों की 569 बालिका एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं विजेता एथलीट्स को पदक देकर सम्मानित किया गया।

अंडर 20 वर्ष 3000 मीटर दौड़ में मुक्ता हनुमानगढ़ प्रथम खुशबू नागौर द्वितीय शिवानी शर्मा भीलवाड़ा तृतीय, अंडर 20 वर्ष 800 मी दौड़ में मुस्कान अलवर प्रथम वंशिका अजमेर द्वितीय सुमन जाट कोटा तृतीय, अंडर 20 वर्ष हाई जंप में पूजा नागौर प्रथम, कंचन जोधपुर द्वितीय भावना झुंझुनू तृतीय। **अंडर 16 वर्ष लंबी कूद** में सोनम कंवर हनुमानगढ़ प्रथम आराध्या राजावत टोंक द्वितीय रामेति चूरू तृतीय रहे। इसी प्रकार अंडर 16 वर्ष हाई जंप सोनम कंवर हनुमानगढ़ प्रथम मानवी दास बीकानेर द्वितीय गंगा शर्मा चूरू तृतीय, अंडर 20 वर्ष 400 मीटर हर्डल में पूजा गोस्वामी चूरू प्रथम, कोमल श्री गंगानगर द्वितीय निरमा कुमारी बीकानेर तृतीय, अंडर 20 वर्ष लंबी कूद में पूजा चूरू प्रथम अंकिता झुंझुनू द्वितीय रही।

एशियाई खेलों से पहले ईरानी महिला कबड्डी टीम का सोनीपत के साई केंद्र में अभ्यास

नई दिल्ली/सोनीपत, 20 अगस्त । एशियाई खेल-2026 की तैयारियों के बीच ईरान की महिला कबड्डी टीम ने भारतीय खिलाड़ियों के साथ अभ्यास मुकाबले खेलकर महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल किया। सोनीपत के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में छह दिवसीय अभ्यास शिविर का उद्देश्य दोनों देशों की टीमों को अलग-अलग खेल शैली और रणनीति के खिलाफ खुद को परखने का अवसर देना रहा।

ईरान की टीम 13 अगस्त को सोनीपत पहुंची थी। उसने साई परिसर में भारतीय महिला कबड्डी टीम के अलावा स्थानीय टीमों के खिलाफ भी अभ्यास मुकाबले खेले। इन मुकाबलों से जहां ईरानी टीम को एशियाई खेलों की तैयारी में मदद मिली। भारतीय खिलाड़ियों को भी अंतरराष्ट्रीय टीम के खिलाफ खेलकर अपनी कमजोरियों और रणनीति को परखने का मौका मिला। ईरान की महिला टीम के मुख्य कोच घोलामरेजा मजांदरानी ने शिविर को युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि पिछली एशियाई खेलों की तुलना में उनकी टीम में 80 प्रतिशत से अधिक बदलाव हुआ है। मजांदरानी ने साई मीडिया से कहा, हमारे लिए अभ्यास मुकाबले खेलने, खिलाड़ियों